सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-03
01/01/2017

मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामना देने बड़ी तादाद में पहुॅचे लोग

पटना, 01 जनवरी 2017 :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नववर्ष की शुभकामना एवं बधाई देने के लिये सरकार के कई मंत्री, अन्य अति विशिष्ट व्यक्तिगण तथा आमजन पहुॅचे। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर लोगों की बधाइयॉ एवं शुभकामनायें स्वीकार की तथा लोगों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। मुख्यमंत्री ने लोगों के द्वारा दिये गये पुष्प–गुच्छ एवं माला को भी स्वीकार किया।

बधाई एवं शुभकामना देने वालों में बड़ी संख्या में नवयुवक, महिलायें तथा वृद्ध भी शामिल थे। मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री महेश्वर हजारी, पर्यटन मंत्री श्रीमती अनिता देवी, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती मंजू वर्मा, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री उदय नारायण चौधरी, सदानंद सिंह, विधायक श्री श्याम रजक, जदयू प्रवक्ता श्री संजय सिंह, विधायक श्री अशोक सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी, विधान पार्षद श्री राजकिशोर कुशवाहा, राजद प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रामचन्द्र पूर्वे, आद्री के सदस्य सचिव श्री शैवाल गुप्ता, बिहार चेम्बर ऑफ कॉमर्स श्री ओ0पी0 साह, पूर्व मंत्री श्री रमई राम, पूर्व सांसद श्री सीताराम यादव, जदयू नेता श्री छोटू सिंह, श्री नंदकिशोर कुशवाहा, भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी तादाद में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल थे।

दूसरी ओर महामहिम राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद की ओर से उनके ए0डी0सी0 ने महामहिम की ओर से नववर्ष की शुभकामना तथा फुलों का गुलदस्ता भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी अपनी ओर से महामहिम को शुभकामना दी।

******